tion from about Rs. 32 crores in 1974-75 to about Rs. 104 crores in 1980-81.

Government are taking adequate steps to remove the bottlenecks in production by the introduction of improved technology, assistance in the procurement of adequate raw materials, assistance in adequate & regular supply of power, water etc. Imports are resorted to when necessary keeping in view the increased demand and indigenous production.

बरार परियोजना की स्वीकृति अनुरोध

2337. श्री निहाल सिंह : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री ने जुलाई, 1981 के दूसरे सप्ताह में, केन्द्रीय सरकार से, बरार परियोजना को स्वीकृति दिए जाने तथा उस के लिए धन उपलब्ध कराए जाने के बारे में अनुरोध किया था; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार द्वारा की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विक्रम महाजन) : (क) और (ख). उत्तर प्रदेश में बरार परियोजना नामक किसी परियोजना की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव इस मंत्रालय में प्राप्त नहीं हुआ है।

भारत कोकिंग कोल लि० के विरुद्ध जांच

2338. श्री निहाल सिंह : क्या ऊर्जा मंत्री भारत कोकिंग कोल लि० के विरुद्ध जांच के बारे में 21 अप्रैल, 1981 के अतारांकित प्रश्न संख्या 8134 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के विरुद्ध जांच पूरी कर ली है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विक्रम महाजन) : (क) केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने 1975-81 की अवधि के दौरान भा० को० को० लि० के खिलाफ 33 मामले रजिस्टर किए थे। इन में से 26 मामलों में जांच कार्य पूरा हो चुका है और 5 मामलों में जांच कार्य चल रहा है।

(ख) जांच कार्य पूरा हो जाने के बाद 12 मामलों में नियमित विभागीय कार्यवाही की सिफारिश की गई है। साक्ष्य के अभाव में दो मामले समाप्त कर दिए गए। प्रारम्भिक जांच के तीन मामलों को बदल कर नियमित मामले बना दिया गया है और 11 मामलों में आरोप पत्र दे दिए गए हैं।

नागालैण्ड तथा नागाघाट के समीप पाये गये कोयले के भंडार

2339. श्री निहाल सिंह : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नागालैंड और आसाम के शिव सागर जिले में नागाघाट के पास कोई कोयले के भंडार पाये गए हैं और क्या इस स्थान पर सरकार द्वारा सुरक्षा की कोई व्यवस्था न किए जाने के कारण हैं। कुछ व्यापारी ट्रकों में बड़ी मात्रा में कोयला ले जा रहे हैं ; और

(ख) यदि हां, तो कोयला भंडारों पर सुरक्षा गार्ड तैनात करने के लिए